# कार्यालय कलेक्टर (विकलांग पुनर्वास केन्द्र) जिला झाबुआ म0प्र

क्रमांक / 74/ विपुके / 2017 झाबुआ, दिनांक 22/ 11 / 2017

## रिक्त पदों पर भर्ती की सूचना

मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण म0प्र0 भोपाल के पत्र कमांक 185 / 2014 / 26–2 भोपाल दिनांक 04.02.2015 द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के समग्र एवं स्थायी पुनर्वास तथा सेवाओं के प्रदाय हेतु जिला पुनर्वास केन्द्र हेतु आवश्यक सेटअप पदों की संविदा नियुक्ति पर एक वर्ष हेतु नियुक्ति के लिये निम्नलिखित पदों की पूर्ति हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवश्यक अर्हता / योग्यता एवं झाबुआ जिले की एन.आई.सी. द्वारा विकसित बेवसाईट www.jhabua.nic.in अथवा कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग जिला–झाबुआ तथा कार्यालय कलेक्टर जिला–झाबुआ के नोटिस बोर्ड पर भी अवलोकन किया जा सकता है । आवेदन पत्र जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र कल्याणपुरा रोड़ रंगपुरा पोस्ट एवं जिला झाबुआ को **दिनांक 7 दिसम्बर 2017 गुरूवार को शाम 5.00 बजे** तक प्राप्त हो जाना चाहिये।

रिक्त पदों का विवरण, आवश्यक अर्हता / योग्यता एवं निर्धारित मानदेय निम्नानुसार है:–

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या | पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1. | क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट/ साइक्लोजिस्ट | 01 | M.Phil in clinical Psychology / M.A. in Psychology Preferably with 2 Years' experience in the field of disability rehabilitation. | 20,000/- |
| 2. | सीनियर प्रोस्थेटिस्ट/ ऑर्थोटिस्ट | 01 | Degree in prosthetic and Orthotic Preferably form national institute with 5 years' experience Or a diploma in prosthetic and Orthotic with 6 years' experience. | 20,000/- |
| 3. | सीनियर स्पीच थेरापिस्ट/ ऑडियोलॉजिस्ट | 01 | Post Graduate in related in related field/B.Sc. (Speech & Hearing) | 20,000/- |
| 4. | प्रोस्थेटिस्ट/ऑर्थोटिस्ट (टेक्नीशियन) | 01 | Diploma in prosthetic and Orthotic / ITI trained with 2/3 years' experience. | 16,000/- |
| 5. | मोविलिटी इंस्ट्रक्टर | 01 | Matriculation Certificate & Diploma in Mobility | 14,000/- |

**नियुक्ति संबंधी शर्तें :–**

1. उक्त सभी पदो के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त भारतीय पुनर्वास परिषद (आर सी आय) का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है ।
2. उक्त पद एकांकी होने से शासन के निर्देशानुसार आरक्षण प्रावधान से मुक्त होगा ।
3. यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा पद पर 01 वर्ष के लिये किसी भी एक पक्ष द्वारा एक माह के नोटिस एवं एक माह का वेतन / मानदेय पर किसी भी समय संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। 01 वर्ष पश्चात् सेवाएं निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप संतोषप्रद पाये जाने पर ही सेवा में वृद्धि की जा सकेगी।
4. आवेदक की आयु 1.1.2017 को 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होगी, एवं शासन के नियमानुसार आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को शासन द्वारा प्रदत्त आयु सीमा में छूट दी जावेगी।
5. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा।
6. उम्मीदवार को आवेदन पत्र के प्रारुप अनुसार अपनी पूर्ण जानकारी, प्रमाण पत्रों की स्वसत्यापित स्वच्छ एवं पठनीय छाया प्रतिया संलग्न करना अनिवार्य होगा। कम योग्यता वाले आवेदन पत्र एवं शर्ते पूर्ण न होने की स्थिति आवेदन स्वयं ही निरस्त माना जावेगा। विशेष योग्यता वाले पदों में मान्यता प्राप्त संस्था के प्रमाण पत्र / पत्रोपाधि अनिवार्य होगी।
7. शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं संबंधी प्रमाण–पत्रों में किसी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर सेवाएं समाप्त कर दी जावेगी।
8. चयनित उम्मीदवार को मुख्यालय पर ही रहना होगा चयनित उम्मीदवार को समिति द्वारा निष्पादित अनुबंध संविदा नियमों का पालन करना होगा तथा वारिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन करना होगा।
9. संविदा पर नियुक्त विषय विशेषज्ञ / कर्मचारी म0प्र0 सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 प्रभावशील होगा।

10. संविदा पर नियुक्त विशेषज्ञ/कर्मचारी को कदाचार या किसी आपराधिक कियाकलाप में संलग्न पाये जाने पर नियुक्ति प्राधिकारी ऐसी संविदा नियुक्ति समाप्त कर सकेंगें।
11. नियुक्त विषय विशेषज्ञ/कर्मचारी का चरित्र सत्यापन शासकीय सेवकों को लागू नियमों या अनुदेशों के आधार पर किया जावेगा। चरित्र के संबंध में किसी प्रतिकूल निष्कर्ष की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा संविदा नियुक्ति बिना कोई कारण बताए रद्द कर दी जावेगी।
12. नियुक्त विषय विशेषज्ञ/कर्मचारी उसके पदस्थापना के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करनें की स्थिति से संविदा में माना जावेगा। यदि संविदा पर नियुक्त कोई व्यक्ति बिना किसी विशिष्ट सूचना के अपने कर्तव्य से एक माह से अधिक समय के लिए अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा नियुक्ति ऐसी अनुपस्थिति की तिथि से स्वतः समाप्त मानी जाकर वरीयतानुसार चयनित अगले उम्मीदवार को नियुक्त किया जावेगा ।
13. नियुक्ति की प्रकिया– जिला प्रबंधन समिति द्वारा नियुक्त साक्षात्कार समिति द्वारा मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर की जावेगी ।
14. **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 दिसम्बर 2017 गुरूवार** है । उक्त दिनांक तक आवेदन पत्र जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र कल्याणपुरा रोड़ रंगपुरा जिला झाबुआ में सांय 5:00 बजे तक स्वयं अथवा डाक से जमा किये जा सकते हैं। दिनांक 7 दिसम्बर 2017 गुरूवार को निर्धारित समयके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों में विचार नहीं किया जायेगा ।
15. **उपरान्त दिनांक 21 दिसम्बर 2017 गुरूवार को प्रातः 11.00 बजे से जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र कल्याणपुरा रोड़ रंगपुरा झाबुआ में आयोजित किया जावेगा जिसमें योग्य उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जावेगा ।**
16. अधिक जानकारी के लिये जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र, कल्याणपुरा रोड़ रंगपुरा झाबुआ में सम्पर्क किया जा सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

सचिव एवं नोडल अधिकारी,
जिला प्रबन्धन समिति
जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ

पृ0क्रमांक/विपुके/2017/75

झाबुआ, दिनांक 22 नवम्बर 2017

प्रतिलिपिः–

1– आयुक्त सामाजिक न्याय तथा निःशक्तजन कल्याण संचालनालय म0प्र0 1250 तुलसी नगर भोपाल ।
2– कलेक्टर एवं अध्यक्ष महोदय जिला प्रबन्धन समिति विकलांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ ।
3– उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण जिला झाबुआ ।
3– सहायक संचालक जनसम्पर्क कार्यालय जिला झाबुआ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
4– जिला सूचना अधिकारी राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र झाबुआ को झाबुआ जिले की एन.आई.सी. द्वारा विकसित बेवसाईट www.jhabua.nic.पर विज्ञापन एवं आवेदन का निर्धारित प्रारूप अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
5– प्रशासनिक अधिकारी जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

सचिव एवं नोडल अधिकारी,
जिला प्रबन्धन समिति
जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| नवीन स्वप्रमाणित फोटो |
|---|

प्रति,

सचिव एवं नोडल अधिकारी,
जिला प्रबन्धन समिति
जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ म0प्र0

1. पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है :–.............................................
2. आवेदक का नाम :– .............................................
3. पिता या पति का नाम :– .............................................
4. जन्मतिथि अंको में :–.............................................
5. शब्दो में :– .............................................
6. जाति :– .............................................
7. स्थायी पता :– .............................................
8. वर्तमान पता (पत्र व्यवहार का पता):– .............................................
9. फोन / मोबाईल नं0 :– 1).................................2).................................
10. मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) :– .............................................
11. अनुभव का प्रमाण :– .............................................
12. शैक्षणिक योग्यता :– .............................................
13. आर.सी.आई. पंजीयन क्रं. .............................................

| क्र. | शैक्षणिक / तकनीकि योग्यता | बोर्ड / वि0विद्या0 का नाम | संकाय | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |
| 7 | | | | | | |

सभी संलग्न किये गये प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित होना चाहिये।

आवेदक हस्ताक्षर

पूरा नाम .............................................

## घोषणा–पत्र

मैं, निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्तानुसार जानकारी मेरे द्वारा दी गई वह मेरे विवेकानुसार सत्य है। जानकारी असत्य पाये की दशा में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। किसी भी तथ्य के छुपाये जाने अथवा गलत तरीके से प्रस्तुत करने पर मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी। मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदित पद पर मेरा चयन होता है तो मैं जिला विकलांग पुर्नवास केन्द्र झाबुआ में एक वर्ष की सेवायें अनिवार्य रूप से दूँगा/दूँगी, इस संबंध का अनुबंध करने को तैयार हूँ।

(जो लागू न हो काट दिया जावे)

आवेदक हस्ताक्षर

पूरा नाम .............................................